हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 अगस्त 2026

07 बारिश में भी नहीं थमा तिरंगा यात्रा का अभियान



08 तीन ब्रांड के सैंपल लिए, 70 लीटर सघी किया गया...





## खबर संक्षेप

### बेतवा से जल लेकर केदारनाथ रवाना हुए



**विदिशा।** श्रावण मास में आस्था और भक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। खामखेड़ा रोड स्थित ग्राम सलैया से हजारों कावड़ यात्री बेतवा नदी के घाट पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से बेतवा नदी का जल कावड़ में भरा और ग्राम सलैया के लिए रवाना हुए। आयोजकों के अनुसार पिछले 10 से 12 वर्षों से यह कावड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। श्रद्धालु ग्राम सलैया में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को कावड़ लेकर केदारनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। वहां बेतवा नदी के पवित्र जल से भगवान केदारनाथ स्वामी का जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### प्रशिक्षण का समापन प्रमाण-पत्र वितरित किए

**विदिशा।** ग्रामीण युवाओं एवं हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से आरसेटी द्वारा आयोजित सब्जी की खेती एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन एवं एसेसमेंट हुआ। प्रशिक्षण में महिला-पुरुष हितग्राहियों को सब्जी उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, पौध तैयार करने, रोपण एवं देखभाल की उन्नत तकनीकों का सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ ओ.पी. सनोठिया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में आरसेटी डायरेक्टर एफ.सी. महली ने प्रशिक्षणार्थियों का एसेसमेंट कर सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

### वर्दी के बीच शांति की सांस, हैदरगढ़ थाने में हुआ मेडिटेशन शिविर



**हैदरगढ़।** पुलिसकर्मियों के काम के तनाव और ड्यूटी के दबाव को कम करने के उद्देश्य से शनिवार को हैदरगढ़ थाने में हार्टफुलनेस मेडिटेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन प्रशिक्षक करण सिंह दांगी ने किया। उन्होंने पुलिस स्टाफ को ध्यान और मेडिटेशन की तकनीकें सिखाईं। करीब एक घंटे तक पुलिसकर्मियों ने ध्यान और गहरी सांसों के माध्यम से तनाव कम करने का अभ्यास किया। थाना प्रभारी उनि. रघुराज सिंह सहित पूरा स्टाफ शामिल रहा। प्रशिक्षक ने नियमित मेडिटेशन को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया। थाना प्रभारी ने आगे भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।

## मृगन्नाथ झरना बना मस्ती पॉइंट, खतरों से खाली नहीं है यहां जाना..छोटे-छोटे बच्चे कर रहे मौज मस्ती



**हैदरगढ़।** बरसात शुरू होते ही मृगन्नाथ झरना शुरू हो गया है। खतरों भरे इस झरने में छोटे छोटे बच्चे नहा रहे हैं। पहाड़ियों के बीच गिरती जलधारा और हरियाली लोगों को आकर्षित तो करती ही है, लेकिन उतनी ही खतरनाक भी है। हर साल ऐसे स्थानों पर जाकर कई युवा काल के गाल में समा जाते हैं। विगत वर्षों में ऐसे झरनों में युवाओं के डूबने के कई मामले सामने आए हैं।

## मौसम: दिनभर हुई रिमझिम बारिश से धान, सोयाबीन की फसल को फायदा

# 24 घंटे में 34.4 मिमी बारिश, सूखे जैसी स्थिति से राहत, 4 दिन बारिश के आसार

*रविवार को हुई बारिश ने धान की फसल को जीवनदान दे दिया है। लेकिन अभी भी झमाझम बारिश का इंतजार है। रविवार को दिनभर रिमझिम बारिश हुई। सोयाबीन की फसल को भी इस बारिश से फायदा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले चार दिन तक बारिश के आसार हैं। जिससे किसानों को राहत मिलेगी।*



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लंबे इंतजार के बाद रविवार को बारिश हुई। सुबह रिमझिम फुहारों से शुरू हुई बारिश दोपहर तक कई इलाकों में मध्यम से तेज हो गई। इस बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है, जो सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे थे और जिनकी खरीफ फसलें प्रभावित हो रही थीं।

मौसम विभाग के अनुसार मप्र के ऊपर से एक ट्रफ लाइन गुजर रही है। साथ ही पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से एक कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) विकसित हुआ है। इसके आगामी दिनों में और मजबूत होने की संभावना है, जिसके चलते विदिशा में अगले चार दिनों तक मध्यम बारिश जारी रह सकती है।

### पठारी से छपारा पहुंच मार्ग पर रहटी नदी के पुल के ऊपर पानी



**विदिशा।** पठारी में रहटी नदी के पुल पर पानी होने के बाद भी निकल रहे लोग।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हुई जोरदार बारिश से नदी नाले उफने

तहसील पठारी में लंबे इंतजार के बाद हुई तेज बारिश होने से पठारी तहसील में नदी नाले उफान पर हैं। पठारी से छपारा पहुंच मार्ग पर रहटी नदी के पुल पर पानी होने के बावजूद भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 34 .4 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसमें पठारी में सर्वाधिक 94 मिमी, कुरवाई में 70 .2 मिमी और सिरोंज में 60 मिमी बारिश हुई। अन्य तहसीलों में लटेरी में 48 .4 मिमी, नटेरन में 36 मिमी, शमशाबाद में 13 मिमी, बासौदा में 11 .2 मिमी, ग्यारसपुर में 5 मिमी, विदिशा में 4 मिमी और गुलाबगंज में 2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस एक दिन की बारिश ने सूखे जैसी स्थिति को काफी हद तक बदल दिया है। खेतों में पानी और आवश्यक नमी मिलने से सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों को नई जान मिलने की उम्मीद है, जिससे किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है।

### इस सीजन में अब तक 455 मिमी बारिश दर्ज

*हालांकि 1 जून से 9 अगस्त तक जिले में कुल 455 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि में हुई 789.3 मिमी बारिश से 334.3 मिमी कम है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अब तक लगभग 42.4 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हालांकि रविवार की बारिश से अंतर कुछ कम हुआ है। 8 अगस्त तक जिले में औसत बारिश 420.6 मिमी थी, जो एक दिन में हुई 34.4 मिमी बारिश के बाद बढ़कर 455 मिमी हो गई। जिले की सामान्य वार्षिक बारिश 1075.50 मिमी है। इसके मुकाबले 9 अगस्त तक सिर्फ 455 मिमी बारिश हुई है। जबकि पिछले साल अब तक 789.3 मिमी बारिश हो चुकी थी , इस साल 334.3 मिमी कम बारिश हुई है यानी सामान्य वार्षिक बारिश का करीब 42.3% पानी ही अब तक गिरा है। किसानों का कहना है कि फसलों को इस समय नमी की जरूरत थी। बारिश होने से फसल की बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है।*

## 70 लीटर घी की बिक्री पर रोक: गोवर्धन ब्रांड घी के 3 नमूने जांच के लिए भेजे



**विदिशा।** जांच के दौरान निरीक्षण करते हुए खाद्य विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने रविवार को अरिहंत विहार स्थित सूरज एंड संस प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की। जांच के दौरान यहां गोवर्धन ब्रांड घी का भंडारण एवं विक्रय पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अलग-अलग पैकिंग आकार के घी के तीन नमूने जांच के लिए लिए।

कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में उपलब्ध करीब 70 लीटर घी की बिक्री पर जांच पूरी होने तक रोक लगा दी गई। अधिकारियों के अनुसार नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही उत्पाद की गुणवत्ता की स्थिति स्पष्ट होगी।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर जुलाई से प्रदेशभर में दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच का अभियान चल रहा है। यदि जांच में घी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सराफा व्यापारी को लूटने वाला एक लुटेरा धराया, अब उसके साथियों की तलाश में जुटीं पुलिस की छह टीमें

**अंतरराज्यीय गिरोह: बदमाश के पास से 1 किलो 630 ग्राम चांदी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पट्टन-पिपलधार के बीच व्यापारी से फायरिंग कर लूट के मामले में विदिशा पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के एक आरोपी को बीना से गिरफ्तार किया है।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 1.630 किलोग्राम चांदी और 1100 रुपए नकद समेत करीब 3 लाख रुपये का माल बरामद किया है। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घटना 5 अगस्त की शाम



पांच अगस्त को व्यापारी को गोली मारकर आरोपी 25 किलो चांदी के जेवरों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे।

करीब 6:30 बजे शमशाबाद थाना क्षेत्र में शासकीय अस्पताल के पास हुई थी। विदिशा निवासी व्यापारी संजय सोनी अपने पुत्र यश सोनी के साथ बाइक से लौट रहे थे। तीन बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर उनकी मोटरसाइकिल गिरा दी और देशी कट्टे से फायरिंग करते हुए सोना-चांदी व नकदी से भरा झोला लूटकर फरार हो गए। गोली लगने से संजय सोनी की कलाई घायल हुई, जबकि यश को भी चोटें आईं। पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 150 से अधिक लोगों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों और पुराने अपराध रिकॉर्ड के आधार पर टिंकू उर्फ मुकेश यादव (30), निवासी मुरादपुर चौकी उदयपुर थाना गंजबासौदा को गिरफ्तार किया गया।

## साइकिलों की संख्या कम रही तो पैदल निकाली तिरंगा यात्रा



**विदिशा।** विधायक, नपाध्यक्ष सहित शहर के नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर निकले।

### स्टेडियम से नीमताल तक निकली तिरंगा यात्रा विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सुबह स्टेडियम से प्रस्तावित साइकिल रैली में अपेक्षा के अनुरूप साइकिल सवार नहीं पहुंचे। आयोजकों ने रैली का स्वरूप बदलकर पैदल तिरंगा मार्च निकालने का निर्णय लिया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों के बीच लोग उत्साह के साथ चलते नजर आए। नीमताल पर रैली का समापन हुआ। विधायक टंडन ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री टंडन ने कहा कि 9 से 17 अगस्त तक देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम होंगे। 13 अगस्त को रामलीला से माधवगंज चौराहे तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। खेल अधिकारी प्रदीप रावत ने बताया कि कम साइकिल सवारों के कारण रैली को पैदल मार्च में बदला गया।

## जमीन पर बैठकर आयोग के सदस्य ने छात्रों से की बात



**विदिशा।** मप्र अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार ने रविवार को अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं से संवाद किया। छात्राओं के बीच जमीन पर बैठकर उनकी पढ़ाई, परीक्षा परिणाम, भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं के बारे में पूछा। छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग की मांग रखी। जिला संयोजक ने एक सप्ताह में कोचिंग शुरू कराने का आश्वासन दिया। श्री अहिरवार ने छात्राओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई कर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं को शिक्षा एवं स्वावलंबन के अवसर उपलब्ध करा रही है, जिनका अधिकतम लाभ लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अनजान लोगों के फोन और संदेशों से सावधान रहने तथा नशे से दूर रहने की बात कही।

## भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति में कांग्रेस ने निकाला तिरंगा मार्च

**जिला कांग्रेस सेवादल की पदयात्रा, स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल ने जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में तिरंगा मार्च निकाला। जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई पदयात्रा में सेवादल के कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। इस दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में निकला मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को



जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। गांधीजी के सत्य, अहिंसा और त्याग के संदेश को भी याद किया गया।

गांधी प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भारत छोड़ो आंदोलन के इतिहास और देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समापन पर सेवादल के मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, रणधीर सिंह ठाकुर, रवि साहू सहित कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कई जिलों से आए 205 खिलाड़ियों ने कौशल दिखाया

# तृतीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा का समापन 32 पदकों के साथ भोपाल अकादमी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खेल परिसर स्थित मल्टीपरपज हॉल में इंडियन ताइक्वांडो के बैनर तले आयोजित 2 दिवसीय तृतीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भोपाल अकादमी, धार, इंदौर, खंडवा, ग्वालियर, उज्जैन, मुरैना और मेजबान विदिशा सहित प्रदेश के कई जिलों से आए 205 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। स्पर्धा में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीटों की मौजूदगी ने मुकाबलों को बेहद रोमांचक बना दिया। विक्रम व एकलव्य अवार्डी अतुल जाट ने जानकारी दी कि स्पर्धा के सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी हाल ही में पुणे में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय



**विदिशा।** भोपाल अकादमी के खिलाड़ियों ने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 32 पदक अपने नाम कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतिभा और शक्ति के इस प्रदर्शन में भोपाल अकादमी ने 32 पदक हासिल कर ओवरऑल पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 पदकों के साथ इंदौर द्वितीय और 12 पदकों के साथ खंडवा तृतीय स्थान पर रहा। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, अंबेश सोनी, जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष विनय गंभीर, सचिव पंकज भार्गव और रविकांत नामदेव सहित कई अतिथि मौजूद रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताहः 104 आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरुकता कार्यक्रम



**विदिशा।** अदाणी फाउंडेशन की परियोजना के तहत विदिशा ब्लॉक के 104 आंगनबाड़ी केंद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 96 ग्रामों में सुपोषण संगिनियों के नेतृत्व में कुकिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, फादर प्रॉमिस वॉल, मिथकों पर चर्चा, समूह चर्चा, हेल्प डेस्क और फैमिली काउंसलिंग जैसी गतिविधियां हुईं। ग्राम चिरोड़िया और कछुआ में 'स्वस्थ बच्चा, खुश मां' विषय पर कार्यक्रम आयोजित कर धात्री महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। एएसओ पूर्णिमा दुबे के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं सहित सरपंच, सचिव और ग्रामीणजन शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### शाला परिसर में चलती हैं अनैतिक गतिविधियां

**गंजबासौदा।** वार्ड नं 10 महावीर विहार के पीछे त्योंदा रोड बासौदा पर शासकीय माध्यमिक शाला स्कूल के बरामदे में असामाजिक तत्व जुआ खेलते रहते हैं। पूर्व में स्कूल प्रशासन ने सिटी कोतवाली बासौदा में लिखित सूचना भी दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिणाम यह निकला कि असामाजिक तत्व अवकाश के दिनों में स्कूल परिसर में अनैतिक गतिविधियां करते रहते है और शाला की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाते रहते हैं। नागरिकों एवं शाला परिवार ने पुलिस से इस ओर कार्रवाई की मांग की है।

### यशवंत दुबे बने प्रदेश अध्यक्ष



गंजबासौदा। किसान संगठन मध्यप्रदेश की दो दिवसीय बैठक नागपुर महाराष्ट्र में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्ययोजना कार्य विस्तार प्रत्येक ग्राम, बस्ती, मोहल्ला तक भारतीय संस्कृति जेविक खेती को ध्यान में रखते हुए किसान संगठन मध्यप्रदेश की टीम बनाने का प्रस्ताव एक स्वर में ॐ की ध्वनि से पारित किया गया। इ दौरान यशवंत दुबे को मध्यप्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यहां बताना जरूरी हो जाता है विगत दिनों भोपाल में किसान आंदोलन की सफल गोपनीय कार्ययोजना भी यशवंत दुबे ने ही तैयार की थी जो सफल सिद्ध हुई इसी के परिणाम स्वरूप यशवंत दुबे को मध्यप्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है।

# खेत में अस्थाई टीनशेड के नीचे अंतिम संस्कार बना चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



त्योंदा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत महौली के गांव मदनयाई में रविवार को एक महिला की मौत के बाद उसका अंतिम संस्कार खुले खेत में अस्थाई टीनशेड लगाकर किया गया। इस अंतिम संस्कार के वीडियो फोटो वायरल होने पर तरह तरह की चर्चाएं चलती रहीं। हांलाकि सरपंच एवं ग्रामीणों से चर्चा के बाद पता चला कि गांव में श्मशान घाट, टीनशेड आदि सुविधा है, लेकिन मृतका का अंतिम संस्कार उनके परिजनों ने निजी भूमि पर किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मदनयाई निवासी राकेश दांगी, महेन्द्र दांगी की माता जी का निधन हो गया था। जिस पर उन्होंने अपनी मां का अंतिम संस्कार अपनी निजी भूमि में किया। हांलाकि सुबह से बारिश होने के चलते खुले स्थान प अंतिम संस्कार अस्थाई टीनशेड लगाकर किया गया। इसके वीडियो फोटो वायरल होने पर तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

हरिभूमि ने इस मामले की पडताल की तो पता चला कि गांव में टीनशेड और सीसी युक्त श्मशान घाट है,लेकिन पीडित परिजनों ने निजी भूमि पर अंतिम संस्कार किया है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच गीताबाई जसवंत सिंह लोधी एवं सचिव सुरेश साहू का कहना था कि पंचायत के दोनों गांवों में टीनशेड युक्त श्मशान घाट हैं और हाल ही में सीसी रोड भी बनवाया गया है। वहीं ग्राम मदनयाई के ग्रामीण योगेश दांगी ने बताया कि गांव में टीनशेड युक्त श्मशान घाट है और वहां अंतिम संस्कार भी होते हैं। रविवार को गांव के राकेश और महेन्द्र सिंह की माताजी के निधन के बाद परिजनों ने निजी भूमि में अंतिम संस्कार का निर्णय लिया था। इसलिए अंतिम संस्कार निजी भूमि में किया गया।

## आरोपी पूर्व में भी इसी अपराध में हो चुके हैं गिरफ्तार

# ब्राउन शुगर कारोबारी युवक-युवती पकड़ाए, 25 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



देहात थाना पुलिस ने गत दिवस मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक जुपिटर स्कूटी और दो मोबाइल भी जप्त किए गए हैं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपये है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनांक 08.08.2026 की शाम को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संदिग्ध अवस्था में एक युवक-युवती जुपिटर स्कूटी पर घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 25 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती 2.5 लाख रुपये, जुपिटर स्कूटी 2 मोबाइल अन्य जब्त सामान सहित कुल मशरूका की कीमत लगभग 4 लाख रुपये जब्त किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शानू उर्फ देवेन्द्र त्यागी, निवासी पठार मोहल्ला गंजबासौदा, हाल मुकाम ग्रीन वैली कॉलोनी बासौदा, अंबिका रघुवंशी, उम्र 32 साल, निवासी खरपरी, हाल ग्रीन वैली कॉलोनी तिरंगा चौक बासौदा शामिल हैं। मामले में दो अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आई है, जिनके संबंध में पुलिस द्वारा विस्तृत जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी ब्राउन शुगर कहां से खरीदकर लाते थे तथा किन-किन व्यक्तियों को इसकी बिक्री करते थे, इस संबंध में भी पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ एवं विवेचना की जा रही है। साथ ही नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, उनि प्रहलाद सिंह चौहान, सउनि मनोज तिवारी, प्रआर शैलेन्द्र भदौरिया, रवि राव, आर राकेश जाटव, राहुल झा, प्रकाश अमलियार, रामनिवास मीना, म.आर. प्रियंका मौर्य एवं सैनिक कृष्णपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बताया जाता है कि आरोपी पूर्व में भी ब्राउन शुगर एवं अन्य मामलों में पकडे जा चुके हैं और युवती के खिलाफ कुछ समय पूर्व भोपाल में भी अपराध दर्ज हुआ है। उक्त दोनों आरोपी तिरंगा चौक पर एक किराए के मकान में रहकर यह कारोबार चला रहे थे। इस बीच सूचना पाकर देहात थाना पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें ब्राउन शुगर सहित पकड लिया।

## मूडरीधाम और हतोड़ा से उदयपुर जाएंगे कांवडिए, 20 साल से जारी है कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

करीब 20 वर्षों से चली आ रही पावन कावड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। यात्रा श्री राम जानकी मंदिर, बालाजी धाम, हतोड़ा से दोपहर 12 बजे भगवान श्री नीलकंठ महादेव मंदिर, उदयपुर के लिए रवाना होगी। कावड़ यात्री सिद्ध तीर्थ का पवित्र जल लेकर उदयपुर पहुंचकर भगवान नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक व पूजन-अर्चन करेंगे। इस अवसर पर महादेव को 21 किलो की पुष्पमाला अर्पित की जाएगी तथा 31 किलो लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। श्री राम जानकी मंदिर, बालाजी धाम, हतोड़ा के पीठाधीश्वर राजा महाराज ने बताया कि हर वर्ष सावन में यह धार्मिक यात्रा पिछले दो दशक से आस्था और सनातन परंपरा के साथ निरंतर आयोजित की जा रही है। यात्रा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस वर्ष विजय यात्रा धूमधाम के साथ श्रद्धा और आस्था के साथ हतोड़ा से निकाली जा रही है। गुरुदेव राजा महाराज सेवा संस्थान, हतोड़ा, श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम, हतोड़ा एवं समस्त ग्रामवासी हतोड़ा ने धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं से दोपहर 12 बजे श्री राम जानकी मंदिर, बालाजी धाम हतोड़ा पहुंचकर कावड़ यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

उधर सावन सोमवार मूड़रीधाम से कांवड़ यात्रा छोटी काशी कहे जाने वाले क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में बम बम बोल के जयकारों के साथ भगवान महादेव का जलाभिषेक करेंगे। सावन के दूसरे सोमवार सुबह 9 बजे मूड़रीधाम से शिवभक्ति की ऐसी यात्रा निकलेगी, जिसमें कदम-कदम पर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजेंगे। कांवड़ यात्रा उदयपुर पहुंचने के बाद श्रद्धालु भगवान महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे। मूड़रीधाम के महंत परशुराम दास जी महाराज ने बताया कि सावन सोमवार के विशेष अवसर पर आयोजित इस यात्रा को लेकर क्षेत्र के शिवभक्तों में उत्साह है। कांवड़िए भगवान शिव की भक्ति में पैदल यात्रा करते हुए मूड़री से उदयपुर तक जाएंगे। महंत जी ने कावड़ का महत्व बताते हुए कहा कि कावड़ यात्रा केवल कंधे पर जल लेकर चलने की परंपरा नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म को भगवान शिव के चरणों में समर्पित करने की साधना है। कावड़िए रास्ते की कठिनाइयों को सहते हुए जिस श्रद्धा और संकल्प के साथ शिवधाम पहुंचते हैं, वही उनकी भक्ति की वास्तविक परीक्षा है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव त्याग, तपस्या और करुणा के प्रतीक हैं। इसलिए कावड़ यात्रा से हमें अपने जीवन में संयम, सेवा, सद्भाव और परोपकार को अपनाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। सावन के पवित्र सोमवार पर नीलकंठ महादेव के जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों और शिवभक्तों से यात्रा में शामिल होने का आग्रह करते हुए यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ शिवभक्ति में आगे बढ़ने का आह्वान किया है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की पुस्तकों का वितरण शुरू



गंजबासौदा। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसके लिए शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में तपोभूमि मथुरा से प्रकाशित पुस्तकों का वितरण किया जाता है, ताकि छात्र-छात्राएं इस पुस्तक का अध्ययन कर अपनी संस्कृति की जानकारी प्राप्त कर सकें। इसी के आधार पर कक्षा 5 वीं से लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक /शिक्षिकाओं हेतु संस्कृत ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील प्रभारी एसके. सैनी ने बताया कि उक्त पुस्तकों का यज्ञ के साथ विधि विधान से पूजन किया गया, तत्पश्चात उक्त पुस्तकों को विद्यालयों एवं महाविद्यालय में वितरित किया जाएगा। आज सर्वप्रथम डॉल्फिन हाई स्कूल के द्वारा 133 बच्चों की सूची प्रदान की गई थी, उसी के आधार पर उन्हें 133 बच्चों के लिए पुस्तकें प्रदान की गईं। इस अवसर पर गायत्री परिवार की मुख्य ट्रष्टि पूनम तिवारी उपस्थित थीं। उन्होंने इस अभियान में जुड़े सभी परिजनों की भूरि भूरि प्रशंसा की। तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया, कि जब सूरज पश्चिम दिशा की ओर जाता है तो वह डूबता है, और यही सूर्य पूरब दिशा से निकलता है, तो पूरे विश्व को प्रकाश देता है। इसी प्रकार हमारी संस्कृति भी बहुत पुरानी और सूर्योदय के समान है। जो पूरे विश्व को भाईचारा, इंसानियत, कर्तव्य निष्ठा, तथा वसुधैव कुटुंबकम के सद्वाक्य को चरितार्थ करने वाली है। उक्त कार्यक्रम के समय सुरेश सैनी का जन्मदिन भी भारतीय परंपरा एवं विधि विधान के साथ मनाया गया। सभी परिजनों ने उन्हें अपनी ओर से उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी, समृद्धिशाली,दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर वेद प्रकाश खरे, संगीता शर्मा ,सुधा भारद्वाज, साधना सैनी, वंदना मेहता, वंदना देवधर, रमा राठौर, शिव चरण पांचाल, रमेश विश्वकर्मा, नाथूराम सैनी, सूरज सिंह परिहार, मलखान सिंह ,नारायण सिंह दांगी, रामकृष्ण रघुवंशी, पृथ्वी सिंह रघुवंशी, नीरज वर्मा आदि परिजन उपस्थित थे।

## सावन अग्रवाल बने हिउस अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न विगत दिवस बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन कार्यकारिणी के गठन एवं आगामी गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। दादजी प्लाजा परिसर में आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से युवा समाज सेवी सावन अग्रवाल को अध्यक्ष समाज सेवी धीरेंद्र सिकरवार को उपाध्यक्ष पत्रकार लोकेश सक्सेना को सचिव एवं अभय शर्मा (बंटी), पत्रकार रवीन्द्र जैन को सांस्कृतिक सचिव मनोनीत किया गया। आगामी दिनों में समिति के अन्य पदाधिकारी का भी मनोनयन किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष मनोज डागा ने वर्ष भर के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों ने निवृतमान अध्यक्ष राजेश तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों की 2 वर्ष की गतिविधियों एवं नवाचारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं नवीन पदाधिकारी को फूलमाला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर बालकृष्ण अरोरा, व्ही के शर्मा, राजेश तिवारी, एडवोकेट अमान सिंह राजपूत, देवराज राजपूत, बसंत राजपूत, कपिल रघुवंशी, नवरंग राजपूत, पत्रकार ओम प्रकाश चौरसिया, आकाश महेश्वरी, सोनू अरोरा, रविकांत मिश्रा, आकाश शर्मा सहित समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।

## सड़क पर बैठा मवेशियों का झुंड बना मुसीबत



**गंज बासौदा।** बासौदा-सिरोंज मार्ग स्थित अंबानगर चौराहे एवं मुख्य सड़क पर अन्य ग्रामों पर सड़क पर बैठे आवारा मवेशी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। दिन-रात सड़क पर मवेशियों के बैठे रहने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। चौराहे पर वाहनों की आवाजाही के बीच अचानक मवेशियों के सड़क पर आ जाने से वाहन चालकों को कई बार अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। रात के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा मवेशियों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसे लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## स्कूल में नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




त्योंदा रोड स्थित एक स्कूल में रविवार को सुजोक थेरेपी का निशुल्क जांच शिविर का आयोजन हुआ।जिसमें अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंशलेखा भावसार, पार्षद नीलू चौबे, पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र मीणा हार्डवेयर एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश तनवानी, समाजसेवी अनिल ओसवाल, पत्रकार ओमप्रकाश चौरसिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं नगर के गणमान्य नागरिक और स्कूल के सभी अभिभावक गण अपने बच्चों के साथ उपस्थित थे। शिविर में महा एक्यूपंक्चर पुरुस्कार 2026 से सम्मानित डॉक्टर मोहित सिंह चौधरी,आयुर्वेद डॉक्टर आलोक कुमार एवं स्पीच स्पेशलिस्ट डॉक्टर शैलेंद्र दांगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति सैनित भावसार ने किया। अतिथियों एवं चिकित्सकों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर एम एस चौधरी ने बताया कि सुजोक थेरेपी एक कोरियन पद्धति है, जिसमें हाथ के पंजे और पैर के पंजों द्वारा पूरे शरीर का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति के द्वारा सभी प्रकार की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का इलाज बगैर सर्जरी, दवाई एवं साइड इफेक्ट के होता है। जिन बच्चों को आटिज्म एवं डिले स्पीच की दिक्कत थी और जो बच्चे स्पष्ट बात नहीं कर पाते थे इन सभी का डॉक्टर शैलेंद्र दांगी स्पीच थैरेपिस्ट के द्वारा निशुल्क उपचार एवं परामर्श किया गया। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे बच्चों को प्ले स्कूल से भी बहुत जल्दी लाभ होता है। शिविर में आए हुए सभी अभिभावक एवं उनके बच्चों के अलावा उपस्थित सभी लोगों ने डॉक्टर एम एस चौधरी से सुजोक थेरेपी के द्वारा अपनी शारीरिक बीमारियों का इलाज करवाया। डॉक्टर आलोक कुमार भी शिविर में मौजूद थे, जिन्होंने आयुर्वेदिक दवाई के साथ कई प्रकार के घरेलू उपायों से ठीक होने वाले उपचार बताये। स्कूल की प्राचार्या ने बताया कि शिविर में आए हुए सभी अभिभावक एवं अन्य नागरिक संतुष्ट नजर आए।

## श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में चल रहा है पार्थिव शिवलिंग निर्माण

# पार्वती के अटूट विश्वास के आगे हार गई परीक्षा, प्रकट हुए शिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



जब प्रेम संकल्प का रूप ले लेता है और संकल्प साधना में परिवर्तित हो जाता है, तब भक्ति के मार्ग की कठिनाइयाँ भी अत्यंत छोटी प्रतीत होने लगती हैं। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु माता पार्वती ने इसी प्रकार की अटूट तपस्या की, जिसमें त्याग भी था, तप भी था और अपने आराध्य के प्रति अडिग आस्था भी। श्रावण मास में श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के अंतर्गत जटिलावतार प्रसंग ने इस भक्ति भाव को सजीव कर दिया। कथावाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने बताया कि पार्वती के समर्पण की परीक्षा लेने स्वयं महादेव जटाधारी ब्रह्मचारी का रूप धारण कर पहुंचे, किंतु शिव के प्रति उनका विश्वास तनिक भी विचलित नहीं हुआ। पं. भार्गव ने बताया कि माता सती के देह त्याग के बाद भगवान शिव संसार से विरक्त होकर तप में लीन हो गए थे। इसी बीच हिमालय और मैना के घर माता पार्वती ने जन्म लिया। बाल्यकाल से ही उनके हृदय में भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने का संकल्प था। नारदजी के मार्गदर्शन में उन्होंने महादेव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या आरंभ की। पार्वती ने तपस्या के दौरान धीरे-धीरे अन्न का त्याग कर दिया। कठिन साधना के बीच उन्होंने केवल वायु का सेवन करते हुए भी शिव आराधना नहीं छोड़ी। उनका शरीर तप से क्षीण होता गया, लेकिन शिव को पाने का संकल्प और अधिक दृढ़ होता गया। उनकी इसी अटूट साधना ने तीनों लोकों का ध्यान आकर्षित किया। माता पार्वती की भक्ति और संकल्प की परीक्षा लेने भगवान शिव जटाधारी ब्रह्मचारी के रूप में उनके सामने पहुंचे। उन्होंने पार्वती से शिव को पति रूप में पाने का कारण पूछा और फिर भगवान शिव के वैराग्य, स्वरूप और जीवनशैली को लेकर अनेक बातें कहीं। उद्देश्य यही था कि पार्वती के मन में शिव के प्रति कोई संशय उत्पन्न हो जाए। लेकिन पार्वती का विश्वास तनिक भी नहीं डिगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिव का स्वरूप सामान्य दृष्टि से समझ पाना संभव नहीं है। वे केवल कैलाशवासी योगी नहीं, बल्कि जगत के स्वामी और परम कल्याणकारी हैं। अपने आराध्य के प्रति कही गई नकारात्मक बातों को सुनकर भी पार्वती अपने संकल्प से पीछे नहीं हटीं।पार्वती की इस अडिग भक्ति के सामने परीक्षा समाप्त हुई और महादेव अपने वास्तविक दिव्य स्वरूप में प्रकट हो गए। उन्होंने पार्वती की तपस्या, निष्ठा और समर्पण को स्वीकार करते हुए उन्हें पत्नी रूप में प्राप्त करने का वरदान दिया। पं. भार्गव ने कहा कि जटिलावतार का प्रसंग बताता है कि सच्ची भक्ति केवल मनोकामना पूरी करने का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास की कसौटी भी है। परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि आराध्य के प्रति श्रद्धा अडिग रहे तो साधना अपना फल अवश्य देती है। माता पार्वती की तपस्या यह संदेश देती है कि भक्ति में सुविधा नहीं, समर्पण के साथ संकल्प में इच्छा नहीं, विश्वास भी होना चाहिए। तभी हम अपने आराध्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### रुक-रुककर चला बारिश का दौर

**गंज बासौदा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में रविवार को सुबह से लेकर देर रात तक रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होने से मौसम सुहावना बना रहा। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर हुई बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। कुछ मार्गों पर पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

## हनुमान चालीसा पाठ श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल गंजबासौदा द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार आयोजित किए जा रहे सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का 141वाँ चरण शनिवार को जय स्तंभ चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा एवं संकटमोचन भगवान श्री हनुमान जी के विधिवत पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सात बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर में गूंजते जयघोष एवं हनुमान चालीसा के मधुर स्वर से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग एवं श्रद्धा के साथ पाठ में सहभागिता कर भगवान श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भगवान की आरती संपन्न हुई तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज तीनों के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर धर्म, संस्कार, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएँ। उन्होंने कहा कि हिंदू चेतना सेवा समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना, युवाओं को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ना तथा नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना है। समिति भविष्य में भी प्रत्येक शनिवार नगर के विभिन्न मंदिरों में इस अभियान को निरंतर जारी रखेगी।कार्यक्रम में हिंदू वीर मोहित तिवारी, प्रशांत शर्मा, अर्णव रघुवंशी, नंदकिशोर वर्मा, यशवंत सिंह राजपूत, रवि रघुवंशी, अनिकेत पाल, नरेंद्र राय, अखिलेश तिवारी, ऋतिक पांचाल, नरेश राजा, हर्षित मिश्रा, मनोज कुमार सेन, जगदीश कुशवाहा, आदित्य सेन, चरण सिंह छाबड़ा, शिवनारायण गुर्जर सहित श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आबकारी अमले ने की रात्रि गश्त और टेस्ट परचेस की कार्रवाई

**सागर।** सहायक आबकारी आयुक्त के आदेश पर आबकारी अमले द्वारा शहरीय क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान कंपोजिट मदिरा दुकान मकरोनिया-2, सिविल लाइन, गोपालगंज, पुरव्यऊ, मधुकरशाह वार्ड, तिलीगांव एवं गऊघाट पर टेस्ट परचेस की कार्यवाही की गई। मदिरा दुकानों के आसपास अवैध मदिरापान के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसके साथ ही मदिरा दुकानों के आसपास अनावश्यक रूप से एकत्रित व्यक्तियों के जमावड़े को हटाया गया, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा हो तथा यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। दुकानों के आसपास लगी हरी मेटी को भी हटवाया गया।

### संजीवनी आश्रम में मिष्ठान वितरण किया

**सागर।** वी क्लब सागर प्रेरणा ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ संजीवनी बाल आश्रम में धूमधाम से मनाई। इस अवसर बच्चों को वस्त्र एवं फल मिठाई वितरण किए गए। क्लब अध्यक्ष वी पूनम मेवाती ने आजादी के लिए किए गए आंदोलन पर प्रकाश डाला । सचिव वी सीमा गुप्ता ने कहा वीर सेनानियों के संघर्ष से अंग्रेज भारत छोड़ भागने को मजबूर हुए । कोषाध्यक्ष वी लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि आजादी की रक्षा करने सजग रहना है।

### 31 मरीजों को इलाज हेतु भेजा भोपाल

**गढ़ाकोटा।** क्षेत्र के 31 गंभीर बीमारी से पीड़ित उपचाररत मरीजों एवं 34 सहयोगियों/परिजनों सहित कुल 65 लोगों को बेहतर उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रति रविवार की नियमित व्यवस्था के अंतर्गत निज निवास गणनायक से निजी बस एवं एम्बुलेंस द्वारा भोपाल के लिए रवाना किया गया। भोपाल स्थित मेरे निवास पर सभी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है।

### नवीन बस स्टैंड पर नपा प्रशासन ने नागरिकों से की अपील

# बारिश में भी नहीं थमा तिरंगा यात्रा का अभियान

**मंगलवार को सांदीपनि विद्यालय से निकलेगी तिरंगा यात्रा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को खराब मौसम और लगातार हो रही फिर भी बारिश के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने अपने जनसंपर्क अभियान को जारी रखा। नपाध्यक्ष मनमोहन साहू के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका कर्मचारियों ने नवीन बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचकर नागरिकों और व्यापारियों से संपर्क किया तथा उन्हें तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। शासन से प्राप्त निर्देशों एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के सप्ताह को उत्साह एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाए जाने के आह्वान के बाद नगर में विभिन्न गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। शनिवार को आयोजित बैठक के बाद रविवार से नगर पालिका प्रशासन ने तिरंगा यात्रा को लेकर जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया। सुबह से मौसम खराब रहने और दोपहर में बारिश होने के बावजूद नपा अध्यक्ष सहित अधिकारी-कर्मचारी नवीन बस स्टैंड पहुंचे और बारिश के बीच भीगते हुए नागरिकों से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी।

#### 9 से 17 अगस्त तक घरों और प्रतिष्ठानों पर लहराएं तिरंगा

जनसंपर्क के दौरान भाजपा पार्षद सचिन शर्मा ने मुनादी के माध्यम से नागरिकों से राष्ट्रध्वज के सम्मान में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा ध्वज फहराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज का सम्मान करते हुए स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों को मंगलवार को होने वाली तिरंगा यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे सांदीपनि विद्यालय से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सुभाष नगर मंडी पथ से निकलेगी और इसके बाद नवीन बस स्टैंड पहुंचकर यात्रा का समापन किया जाएगा।

#### विधायक सहित जनप्रतिनिधि विद्यार्थी और नागरिक होंगे शामिल

तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा सहित नगर के जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक वर्गों के नागरिक, विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य लोग शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से नगरवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के साथ स्वतंत्रता दिवस के महत्व का संदेश भी दिया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान नपा प्रशासन की टीम ने दुकानदारों एवं आम नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर मंगलवार को निर्धारित समय पर सांदीपनि विद्यालय पहुंचने और तिरंगा यात्रा में सहभागिता करने का अनुरोध किया। बारिश के बीच चलाए गए इस अभियान को लेकर नगर पालिका के कर्मचारियों में भी उत्साह नजर आया।

#### नगरवासियों में उत्साह, अधिक से अधिक सहभागिता की अपील

तिरंगा यात्रा को लेकर नगर में लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने परिवार एवं परिचितों के साथ यात्रा में शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करें। जनसंपर्क के दौरान लोगों को तिरंगा यात्रा की जानकारी देते हुए समय पर पहुंचने और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि मंगलवार को होने वाली तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे भव्य एवं यादगार बनाएं। वहीं सीएमओ राम प्रकाश साहू ने भी नागरिकों से तिरंगा यात्रा में सहभागिता करने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान नगर पालिका कर्मचारी भी मौजूद रहे और उन्होंने नागरिकों को यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

#### बारिश में भी जारी रहा अभियान

रविवार को मौसम खराब होने के बावजूद नपा प्रशासन द्वारा किए गए जनसंपर्क की नागरिकों ने सराहना की। बारिश के बीच अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों से संपर्क कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई। प्रशासन का उद्देश्य है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली इस यात्रा में नगर के अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता हो और पूरा नगर देशभक्ति के रंग में नजर आए। इस अवसर पर नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू, हेल्थ ऑफिसर मनीष कुमार सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। नपा प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाएं और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं राष्ट्रप्रेम का परिचय दें।



## सागर में बड़ा रेल हादसा टला: रेलवे ट्रैक पर बंद हुआ माल से लदा ट्रक

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में क्विक रिएक्शन टीम के जवानों की अदम्य तत्परता और जांबाजी से एक बेहद दर्दनाक रेल हादसा होने से टल गया। मकरोनिया-गुड़ा रेलवे फाटक के पास माल से लदा एक ट्रक अचानक रेलवे ट्रैक के ठीक बीचों-बीच आकर बंद हो गया। इसी बीच ट्रैक पर ट्रेन आने का समय हो चुका था, लेकिन ड्यूटी पर जा रहे जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपनी जान पर खेलकर ट्रक को ट्रैक से हटा दिया। 10वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, सागर की कंपनी दमोह स्थित प्रसिद्ध बांदकपुर मंदिर में कानून-व्यवस्था की ड्यूटी संभालने के लिए रवाना हो रही थी। जैसे ही जवानों की गाड़ियां मकरोनिया-गुड़ा रेलवे फाटक के पास पहुंचीं, उन्होंने देखा कि एक भारी मालवाहक ट्रक ट्रैक के बीचों-बीच फंसा हुआ है। चालक उसे चालू करने की नाकाम कोशिश कर रहा था और ट्रैक पर ट्रेन के आने का खतरा सिर पर मंडरा रहा था।खतरे और समय की कमी को भांपते हुए क्यूआरएफ के जवानों ने एक सेकंड भी जाया नहीं किया। भारी-भरकम और सामान से लदे ट्रक को हटाना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन जवानों ने मोर्चा संभाला और सामूहिक ताकत से ट्रक को धक्का लगाना शुरू कर दिया।जवानों के एकजुट प्रयास से ट्रक को ट्रेन के पहुंचने से ठीक पहले सुरक्षित दूरी पर धकेल दिया गया। कुछ ही देर में वहां से ट्रेन गुजरी। जवानों की इस सूझबूझ और अदम्य साहस की वजह से न सिर्फ एक बड़ा रेल हादसा टल गया, बल्कि कई मासूम जिंदगियां भी सुरक्षित बच गईं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने जवानों की इस तत्परता की जमकर सराहना की है।



## कृष्णा इंटरप्राइजेस से गाय का घी के सैंपल लेकर 36 जार जब्त किए

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के नियंत्रक (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) तथा सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन सागर के निर्देशों के परिपालन में जिले में शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दूध और दूध से बने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा लगातार औचक निरीक्षण एवं जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा मल्लापुरा, तुलसीनगर वार्ड स्थित 'कृष्णा इंटरप्राइजेस' का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म से 'गोवर्धन प्योर काऊ घी' का खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत नमूना लिया गया तथा संदेह के आधार पर 500 एमएल के 36 जार (कुल 18 लीटर), अनुमानित कीमत 16,000 रूपये को जप्त कर सील किया गया। जप्त नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा जा रहा है।

## आर्य समाज ने जगाई जनचेतना

### सर्वधर्म सद्भाव व्याख्यानमाला में स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



गांधी सुमिरन एवं जिला सर्वोदय मंडल, विदिशा के तत्वावधान में सर्वधर्म सद्भाव व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आर्य गुरुकुल महाविद्यालय, नर्मदापुरम के प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र याज्ञिक ने कहा कि विचारों के पतन से ही समाज का पतन होता है। महाभारत काल के बाद भारतीय संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था में आए बदलावों से अनेक कुरीतियां और विकृतियां बढ़ीं। ऐसे समय में स्वामी दयानंद सरस्वती और आर्य समाज ने जन-जागरण कर समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया।

डॉ. याज्ञिक ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन, उनके विचारों और गुरु स्वामी विरजानंद से प्राप्त दीक्षा के बाद देशभर में चलाए गए जनजागरण अभियान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद ने अंधविश्वास, रूढ़ियों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज में नई चेतना का संचार किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दिनेश चंद्र बाजपेयी की प्रस्तावना से हुई। गांधी सुमिरन मंच के प्रणेता डॉ. सुरेश गर्ग ने राष्ट्रीय आंदोलन में आर्य समाज के योगदान को रेखांकित किया। सर्वोदय मंडल जिलाध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना प्रस्तुत की, जबकि पारस जैन ने 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' भजन गाया। वक्ताओं ने युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, सत्य, अहिंसा और मानवीय मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. केके पंजाबी ने किया। अंत में सामाजिक सद्भाव, शांति, अहिंसा और जन-जागरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. शीलचंद पालीवाल, एडवोकेट प्रकाश जोशी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लोधी महासभा की नव नियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सम्मान, नियुक्ति पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिला लोधी महासभा के तत्वावधान में लोधी धर्मशाला में नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल रहे। उन्होंने रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। देव लोधी को युवा लोधी सभा जिला विदिशा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों की नियुक्ति भी की गई। विदिशा तहसील अध्यक्ष यश लोधी, सिरोंज के दीपक लोधी, गुलाबगंज के सुरेंद्र लोधी, नटेरन के मुकेश लोधी तथा बासौदा के चंद्रेश लोधी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेल ने समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए रानी अवंती बाई और राजा हृदेश शाह लोधी के बलिदान को याद किया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा कृषि, व्यापार, खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी प्रीतम सिंह लोधी, हरि सिंह वर्मा, संदीप डोंगर सिंह, मेहताब सिंह नरवरिया, जिला अध्यक्ष प्रकाश लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता लोधी भी उपस्थित रहीं। देव लोधी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन मेहताब सिंह नरवरिया एवं थान सिंह ने किया। अंत में प्रकाश लोधी और गीता लोधी ने आभार व्यक्त किया।

## दंपत्तियों को सिखाया दांपत्य जीवन में विश्वास और संवाद का महत्व

**विदिशा।** परिवारों को टूटने से बचाने और दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास, सम्मान व संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, राजीव नगर में नव दम्पति दायित्व बोध शिविर आयोजित किया गया। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चले शिविर में बड़ी संख्या में नव दंपतियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत परिवार ही संस्कारवान समाज की आधारशिला हैं। पति-पत्नी को अधिकारों के साथ अपने दायित्वों को भी समझना चाहिए। गलतफहमियों और संवादहीनता से रिश्तों में दूरी बढ़ती है, इसलिए विपरीत परिस्थितियों में भी संवाद बनाए रखना जरूरी है। शांतिकुंज की मुख्य गायिका मीना श्रीवास्तव सहित रिचा डांगे और अभिमन्यु डांगे ने प्रेरणागीत प्रस्तुत किए। पं. मदन किशोर शर्मा, रेखा राठौर, सुरेश श्रीवास्तव, शोभा गौर, मुकेश तिवारी व बबली धाकड़ उपस्थित रहे। संचालन राजकुमार प्रजापति ने किया। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संयोग श्रीवास्तव ने दी।










### भक्तों ने बेतवा के जल से किया झीलकुआं वाले शिवालय में अभिषेक



**विदिशा।** रविवार को राजेंद्र नगर बक्सरिया स्थित झीलकुआं हनुमान मंदिर शिवालय से शिव भक्त कांवड़ लेकर बेतवा के बड़वाले घाट पहुंचे। पूर्जा अर्चना के बाद कांवड़ में जल भरकर भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए झूमते नाचते वापस शिवालय आए और भगवान शंकर का बेतवा के जल से जलाभिषेक किया।

### कांवड़ यात्रा आज

**कागपुर।** ग्राम कागपुर में हर वर्ष की तरह इस साल भी बाह्य नदी के पुल से पहाड़िया शिवमंदिर तक ग्रामवासियों के सहयोग से आज सोमवार को कांवड यात्रा निकाली जाएगी। शिव भक्तों से कांवड़ यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

## शिवभक्तों की मौजूदगी में भगवान श्री पुण्यकालेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकली, गूंजे जयकारे

### हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजा शहर, मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



रावण मास के अवसर पर रविवार को शिवाय मैत्री मंडल के तत्वावधान में भगवान श्री पुण्यकालेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकाली गई। दोपहर 12 बजे बड़ वाले घाट, बेतवा नदी तट से शुरू हुई सवारी में हजारों शिवभक्त और धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे।

#### पालकी में बैठे महादेव

भगवान श्री पुण्यकालेश्वर महादेव सुंदर पालकी में विराजमान रहे, जिसे श्रद्धालु अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे। शाही सवारी रामलीला चौराहा, राजपूत कॉलोनी, अयोध्या नगर सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव धाम स्थित श्री पुण्यकालेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा में धार्मिक झांकियां, ढोल-नगाड़े, डमरू दल, बैंड और भक्ति संगीत आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान महादेव का स्वागत किया। शाही सवारी में बच्चों के मनोरंजन के लिए घोड़ी, ढोल-बैंड, भालू सहित अन्य आकर्षण शामिल किए गए। शिव धाम पहुंचने के बाद मंदिर में भगवान महादेव का विधि-विधान से पूजन और आरती की गई। मंदिर के पुजारी यशवंत गिरी गोस्वामी ने पूजन संपन्न कराया। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

#### आयोजन समिति ने जताया आभार

शिवाय मैत्री मंडल के जितेंद्र सिंह राजपूत, राजा राजपूत, सोनू सेन, विवेक गोस्वामी और राजा प्रजापति ने सभी शिवभक्तों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों का आभार जताया। समिति ने भगवान महादेव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना की। आयोजन समिति ने शाही सवारी को विदिशा की धार्मिक आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

### चरनोई भूमि सिकुड़ने से घास-पानी का संकट, फसलों के साथ यातायात सुरक्षा भी प्रभावित

# गोचर भूमि पर कब्जों से सड़कों पर आया गोवंश, बारिश में बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में गोवंश के लिए आरक्षित गौचर (चरनोई) भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण का असर अब गांवों और खेतों से निकलकर सड़कों तक दिखाई देने लगा है। चरनोई भूमि का क्षेत्रफल लगातार कम होने से बेसहारा और आवारा गोवंश के सामने चारा-पानी का संकट खड़ा हो गया है। घास और पानी की तलाश में मवेशी गांवों से निकलकर खेतों और मुख्य सड़कों पर पहुंच रहे हैं। बारिश के मौसम में सड़कों पर पानी और कम दृश्यता के बीच झुंड में बैठे गोवंश वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन सकते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिले के कई गांवों में गोवंश के लिए निर्धारित चरनोई भूमि पर धीरे-धीरे कब्जे बढ़ते गए हैं। इससे मवेशियों के लिए खुले चरागाह सीमित होते जा रहे हैं।

#### सड़कों पर नजर आते हैं झुंड

चरनोई भूमि की कमी का सबसे ज्यादा असर आवारा गोवंश की बढ़ती संख्या के रूप में दिखाई दे रहा है। दिन में मवेशियों के



झुंड खेतों और गांवों के आसपास घूमते रहते हैं, जबकि शाम होते ही बड़ी संख्या में सड़क किनारे या सड़क के बीच में बैठ जाते हैं। ऐसे में सड़क पर बैठे मवेशी दुर्घटना का खतरा बढ़ा देते हैं।

रात के समय सड़क पर बैठे काले या गहरे रंग के मवेशी दूर से दिखाई नहीं देते। बारिश में दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने की आशंका भी रहती है।

#### फसल बचाने के साथ सड़क हादसों पर भी लगेगा अंकुश

समाजसेवी एवं उप सरपंच शेर सिंह लोधी, हरिनारायण लोधी और दशरथ कुशवाहा ने कहा कि गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर गौवंश के लिए सुरक्षित चरागाह उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे मवेशियों को गांव और खेतों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसानों की फसलों को भी नुकसान से बचाया जा सकेगा और मुख्य सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

#### पंचायत-पशुपालन विभाग को बनानी होगी व्यवस्था

ग्रामीणों का कहना है कि केवल अतिक्रमण हटाने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। पंचायतों, राजस्व विभाग और पशुपालन विभाग को मिलकर गौवंश के लिए चारा-पानी और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करनी होगी। बारिश के मौसम में सड़कों पर मवेशियों की बढ़ती मौजूदगी को देखते हुए संवेदनशील मार्गों पर आवश्यक इंतजाम किए जाने चाहिए।

लोगों ने प्रशासन से गौचर भूमि की जांच, अतिक्रमण हटाने और गौवंश के लिए चारा-पानी की व्यवस्था को लेकर अभियान चलाने की मांग की है। इससे एक साथ 3 समस्याओं का समाधान हो सकता है और मवेशी भी सुरक्षित रहेंगे।

#### गोचर भूमि का भौतिक सत्यापन कराने की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और राजस्व विभाग से जिले में गौचर एवं चरनोई भूमि का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर गांववार गोचर भूमि की पहचान की जाए और मौके पर उसकी स्थिति का मिलान कराया जाए। जहां अतिक्रमण मिले, वहां नियमानुसार कार्रवाई कर भूमि को मुक्त कराया जाए। जिन स्थानों पर गौचर भूमि पट्टे या लीज पर दी गई है, वहां भी यह जांच करने की मांग की गई है कि भूमि का उपयोग नियमों के अनुरूप हो रहा है या नहीं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते चरनोई भूमि को सुरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले समय में गौवंश के लिए चारा-पानी की समस्या और गंभीर हो सकती है।

#### इनका कहना है

गोचर चरनोई की जमीन का राजस्व हल्कों के कर्मचारियों द्वारा सर्वे करवाकर जानकारी बुलाकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराई जाएगी।
- मनीष शर्मा, एसडीएम रायसेन।

# तीन ब्रांड के सैंपल लिए, 70 लीटर सघी किया गया जब्त

### घी के नाम पर कहीं सेहत से खिलवाड़ तो नहीं ?



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में मिलावटी और खराब खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने खाद्य एवं औषधि विभाग ने रविवार को कार्रवाई की। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीम ने शहर की किराना दुकानों से विभिन्न ब्रांड के घी के नमूने लिए और संदेह के आधार पर बड़ी मात्रा में घी जब्त कर बिक्री पर रोक लगा दी।

कार्रवाई के दौरान टीम ने हर्ष किराना स्टोर से प्योराश्योर ब्रांड काउ घी के 2 अलग-अलग बैच के नमूने लिए। जांच रिपोर्ट आने तक दुकान में रखा 61.5 लीटर घी, जब्त कर लिया गया। विभाग की ओर से संबंधित घी की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। इसी तरह रवि किराना स्टोर से डीएफ काउ गोल्ड घी और गोवर्धन घी के नमूने जांच के लिए लिए। यहां से 3 लीटर डीएफ काउ गोल्ड और 6 लीटर गोवर्धन घी, कुल 9 लीटर घी जब्त किया गया।

#### पहले भी जांच में अमानक मिला था डीएफ काउ गोल्ड

जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के अनुसार, डीएफ काउ गोल्ड घी का नमूना पूर्व में भी जांच में अमानक स्तर का पाया जा चुका है। इस मामले में प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अब दोबारा इसी ब्रांड का नमूना लिए जाने से जांच रिपोर्ट पर नजर रहेगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि संबंधित घी खाद्य निर्धारित मानकों पर खरा उतरता है या नहीं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए प्रशासन की कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# 60 घंटे की लगातार रिमझिम बारिश से लहलहाने लगीं फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले 60 घंटे से अधिक समय से नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। बिना बूंद बंद हुए हो रही रिमझिम बारिश से धान की फसलों पर रौनक आ गई है। चंहुओर हरियाली छा जाने से मौसम भी सुहाना हो गया है।

सावन माह की शुरुआती दिन बिन बारिश सूखे और सडक़ों पर धूल उड़ती रही पिछले तीन-चार दिनों से नगर सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में हो रही रिमझिम बारिश ने मौसम ही बदल दिया है। चहूंओरैर नमी धान के खेतों में पानी और सडक़ों पर कीचड़ की अधिकता हो रही है।

सावन के दूसरे सप्ताह में आसमान में लगातार घने बादलों का डेरा बना रहने से सूर्य देव के दर्शन न होने के साथ गर्मी उमस गायब और अच्छी ठंडक का सुहाना मौसम बन गया है। तीन-

#### लगातार बारिश से लोग गांव घरों में हुए कैद



चार दिनों से हो रही बिन बिना रुके रिमझिम बारिश से सावन के महीना में बारिश की झड़ी का एहसास निवासियों को होने लगा है।

#### बारिश की लगी झड़ी

बिना रुके कभी तेज कभी रिमझिम बारिश की झड़ी लगी रहने से लोग गांव घरों में बना रहना अधिक पसंद कर रहे हैं। सैकड़ो किस क्षेत्र के मूंग खरीदी केदो पर डेरा जमाए रहकर सुरक्षित ढंग से मूंग की बिक्री तोंल का प्रयास कर रहे हैं इसी कारण नगर की सडक़ों बाजारों में अधिकांश समय सन्नाटा बना रहता है।

### झड़प में आठ लोग घायल, जिनमें से चार की स्थिति गंभीर, किया रेफर

# पंचायत संबंधी शिकायत पर दो पक्ष भिड़े जमकर चले लाठी-डंडे व धारदार हथियार

**भुरेरू गांव में रात 11 बजे खूनी संघर्ष के बाद पुलिस बल तैनात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

थाना बेगमगंज क्षेत्र के ग्राम भुरेरू में पंचायत संबंधी शिकायत को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए। अचानक हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब 8 लोग घायल हो गए, इनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया।

घटना शनिवार-रविवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियारों का इस्तेमाल

#### अस्पताल पहुंचकर एसडीओपी ने संभाली स्थिति



होने से कई लोग घायल हो गए।

घायलों के नाम सौरभ साहू, सुमित साहू, चेतराम साहू, लक्की साहू, भूपेंद्र साहू, राजू साहू और रविशंकर साहू बताए जा रहे हैं। एक अन्य घायल की पहचान पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही बेगमगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल बेगमगंज पहुंचाया। यहां 4 गंभीर घायलों का इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीओपी सोनाली गुप्ता और थाना प्रभारी राजीव उईके सहित पुलिस स्टाफ भी अस्पताल पहुंचा।

#### दोनों पक्षों के बयान लिए, मामला दर्ज

पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों और परिजनों से घटना की जानकारी लेकर बयान दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार विवाद के वास्तविक कारण और मारपीट में इस्तेमाल हथियारों की भी जांच की जा रही है। मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

#### शांति व्यवस्था के लिए गांव में पुलिस तैनात

घटना के बाद किसी तरह की अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए भुरेरू गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गांव में स्थिति पर नजर रखी जा रही है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस तैयार है।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय के नारे



**रायसेन।** शहर में रविवार को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा पाटनदेव से महामाया चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक तिरंगा हाथों में लेकर शामिल हुए। पूरे मार्ग पर भारत माता वंदे मातरम् के जयकारों से माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया।

यात्रा में स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### धनुष टूटने के प्रसंग ने बढ़ाया रोमांच, लीला देखने उमड़े ग्रामीण

# श्रीरामलीला में गूंजा परशुराम का क्रोध लक्ष्मण के साथ संवाद ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

ग्राम दीवानगंज स्थित श्रीराम जानकी मंदिर भवानी चौक परिसर में चल रही नौ दिवसीय रामलीला के पांचवें दिन धनुष यज्ञ के बाद धनुष टूटने और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का प्रभावशाली मंचन किया।

कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय और संवाद अदायगी से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक पंडाल में जमे रहे। श्रीरामलीला



मंचन के दौरान जब भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को तोड़ा, तो धनुष टूटने की गूंज के साथ ही प्रसंग में रोमांच बढ़ गया। धनुष टूटने की जानकारी मिलते ही भगवान परशुराम का क्रोधित होकर सभा में पहुंचना और इसके बाद लक्ष्मण तथा परशुराम के बीच हुआ तीखा संवाद दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। लक्ष्मण के तीखे और व्यंग्यात्मक संवादों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं, वहीं परशुराम के क्रोध और श्रीराम के शांत एवं विनम्र व्यवहार ने प्रसंग को और भी प्रभावशाली बना दिया।

कलाकारों ने लक्ष्मण-परशुराम संवाद को बड़े ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। एक ओर परशुराम के क्रोध से वातावरण गंभीर हुआ तो दूसरी ओर लक्ष्मण के निर्भीक जवाबों ने दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी। भगवान श्रीराम द्वारा विनम्रता से परशुराम को शांत करने का दृश्य भी श्रद्धालुओं को खूब पसंद आया।

# जिला कार्य समिति बैठक में गूंजा राष्ट्रहित का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सागर-भोपाल रोड स्थित भगवती मैरिज गार्डन में रविवार को दोपहर भाजपा की वृहद जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई। राष्ट्रगान के साथ बैठक की शुरुआत हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और 14 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में भोपाल संभाग प्रभारी तेज बहादुर



सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह बबलू मीणा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए मंडल स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही भाजपा संगठन कैडर को और मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक श्री पटवा और डॉ. चौधरी ने कहा कि राष्ट्र के सम्मान और संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट हैं।

# नमी के नाम पर अधिक मूंग की तुलाई का लगाया आरोप

### खरीदी केंद्रों पर अवस्थाएं, बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मूंग खरीदी केंद्र बने वियर हाउसों पर मूंग की तौन कराना किसानों के लिए भारी परेशानी का कारण बन रहा है। किसानों से मुंह में नमी के नाम पर 3-4 किलो अतिरिक्त मूंग की तौल, बारदाने के वजन में 750 ग्राम की कटौती, सर्वेयर द्वारा मूंग का नमूना पास पर मनमानी कार्य प्रणाली सहित अन्य मुद्दे राष्ट्रीय किसान संगठन की बैठक में छाए रहे।

नर्मदा क्षेत्र में सबसे अधिक मूंग की खेती और उत्पादन होता है जुलाई माह में मूंग की खरीद बहुत कम मात्रा में हुई जैसे ही सरकार ने 60 प्रतिशत मूंग खरीदी की घोषणा की क्षेत्र के मूंग खरीदी केंद्र बने वेयरहाउसों में मूंग की तौल कराने किसानो की भारी भीड़ और वेयरहाउसों के बाहर मूंग से भरी ट्रैक्टर ट्रालिया की लंबी लाइन दिन-रात लगी रहने से सडक़ों पर असुरक्षित यातायात का माहौल बन रहा है।

#### गुणवत्ता जांच टोल में मनमानी का राज

किसानो का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर तौल कांटों और हम्मालों की संख्या कम है। मूंग की गुणवत्ता जांच टोल में मनमानी का राज बना हुआ है ऊपरी राशि देने पर वह मुश्किल मूंग की तोल हो पा रही है। टोकन और बिल बनवाना भुगतान की प्रक्रिया भी परेशानियों का कारण बन रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को किसान संगठन द्वारा एसडीम को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही है।

### गोंडी संस्कृति की झलक दिखी, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

# विश्व आदिवासी दिवस पर एकजुटता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को विश्वकर्मा गार्डन में सर्व आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन पारंपरिक एवं आकर्षक परिधानों में शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ. अंजना सिंह मस्कोले, नीलमणि शाह, कुंवर धर्मवीर सिंह सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत लालघाटी स्थित बड़ा फेन पर गोंडी संस्कृति एवं परंपराओं के अनुरूप पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद गार्डन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों ने समाजजनों को संबोधित किया।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की एकता, आपसी समन्वय और सामाजिक भाईचारे को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी को आपसी मतभेद और विवादों से दूर रहकर एकजुटता के साथ




आगे बढ़ना होगा। साथ ही नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूरी बनाकर स्वस्थ एवं संस्कारवान समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान गोंडी संस्कृति और परंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति समाजजनों द्वारा दी गई। पारंपरिक गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बनाया।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सर्व आदिवासी समाज द्वारा भव्य रैली निकाली गई। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची। यहां समाज की विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। रैली के दौरान समाज की एकता और अधिकारों से जुड़े संदेश दिए। कार्यक्रम का संचालन गजराज सिंह दिवार ने किया, जबकि तथा आभार धर्मदास इमने ने माना।

राज्यपाल के नाम लिखित ज्ञापन में उल्लेख किया है कि तहसील सिलवानी अंतर्गत छात्रावास की आवंटित भूमि का विधिवत सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त किया जावे। प्रतापगढ छात्रावास में कम संख्या में सीटे होने के कारण क्षेत्र के छात्र-छात्राओ के प्रवेश नहीं हो पाते। छात्रावास में सीटो की संख्या 100 सीट की जावे।

तहसील सिलवानी में तहसील स्तर पर आदिवासी भवन के लिये जगह आरक्षित की जावे जो गांधी आश्रम से लगकर आवंटित की जावे। टप्पा प्रतापगंढ में राष्ट्रीयकृत बैंक एवं थाना बनाया जावें। तहसील सिलवानी में तहसील स्तर पर मुख्य चौराहो में आदिवासी महापुरूषो की प्रतिमा स्थापित की जावे। तहसील स्तर जिन वन ग्रामों में देवस्थान-ठाना स्थापित है। तहसील के सभी ग्रामों में निस्तार की भमि पर से अतिक्रमण मुक्त कराया जावे।

### बारिश के बीच कर्क रेखा पर सेल्फी की खुमारी



**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित 'कर्क रेखा' स्थल इन दिनों पर्यटकों का पसंदीदा हॉटस्पॉट बन चुका है। सांची और भोपाल के आसपास घूमने निकलने वाले लोग यहां रुके बिना आगे नहीं बढ़ते। विशेषकर शनिवार-रविवार को भोपाल, सीहोर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित इस अनूठे भौगोलिक स्थान को देखने और यादगार के तौर पर फोटो खींचने पहुंचते हैं। इस स्थल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।